तापमान
अधिकतम 11.4 डिग्री
न्यूनतम 7.5 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार 6 जनवरी 2024

9 2023 के 58 में से 54 मर्डर सुलझाए : एसपी



10 नगर पालिका में दूसरे की जगह ड्यूटी देता काबू





## खबर संक्षेप



### हेल्थ सेंटर 24 घंटे खोलने को लेकर सौंपा ज्ञापन

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विवि छात्र तरुणाई संगठन ने यूनिवर्सिटी का हेल्थ सेंटर 24 घंटे खुलवाने की मांग को लेकर डीन अकेडमिक अफेसर प्रो. अनूप मान को ज्ञापन सौंपा। शुभम यादव,मोनू यादव,राहुल वर्मा,हर्ष यादव आदि ने बताया कि विवि का स्वास्थ्य केंद्र, केवल दिन में ही खुलता है। अगर रात में किसी छात्र को स्वास्थ्य से संबंधित कोई दिक्कत हो जाती है तो उसे पीजीआईएमएस जाना पड़ता है। इसलिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने हेल्थ सेंटर को 24 घंटे खोलने की व्यवस्था करनी चाहिए।



### राजकीय कन्या विद्यालय बालियाना में लगा कैंप

**रोहतक।** राजकीय कन्या उच्च विद्यालय बालियाना में लाइफ स्किल कैंप के दूसरे दिन का शुभारंभ स्कूल हेड दिलराज सिंह हुड्डा की अध्यक्षता में बीईओ सांपला सुमन हुड्डा ने किया गया। कार्यक्रम का संचालन डीपीई शिक्षा हुड्डा व डीपीई रिंकू दलाल ने किया। स्किल कैंप के दूसरे दिन बीईओ सांपला ने विद्यार्थियों को बहुत ही सुंदर विचारों के साथ जीवन के हर क्षेत्र में समय हमेशा सकारात्मक सोच के साथ छात्राओं को आत्मबल से आगे बढ़ने के मजबूत विचार सांझा किए। एबीआरसी अमित कुमार ने भी छात्राओं को लाइफ स्किल कैंप के फायदों के बारे में बताया।



### लड़के और लड़कियों को किया सम्मानित

**रोहतक।** ग्रामीण युवा उत्थान मंच अध्यक्ष हरिओम कौशिक ने बताया कि लाखन माजरा खंड के इंदरगढ़ गांव में मंच द्वारा गांव के विकास मेले का आयोजन किया गया। जिसमें रक्तदान शिवर, स्वास्थ्य जांच कैंप, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, फैमिली आईडी, पेंशन कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान 100 लोगों ने जांच करवाई। हरिओम कौशिक ने बताया कि चिकित्सा अधिकारी कुलदीप कुमार मुख्य अतिथि रहे। हरिओम कौशिक ने बताया कि इस मौके पर 2023 में सरकारी नौकरी पर लगे गांव इंदरगढ़ के लड़के व लड़कियों व उनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया। राजकीय माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों को विभिन्न गतिविधियों में अपने स्कूल का नाम रोशन करने पर सम्मानित किया गया।



### सरकार जल्द करें मांगों को पूरा : देशवाल

**रोहतक।** हरियाणा स्टेट पेंशनर समाज की कार्यकारिणी की मीटिंग मानसरोवर पार्क के सीनियर सिटीजन क्लब में हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान देवी सिंह देशवाल व कार्यकारी जिला प्रधान व अतिरिक्त राज्य प्रधान महासचिव वीरेंद्र शर्मा ने की। पेंशनर्स ने सरकार से अपील की कि मांगों को जल्दी पूरा करें। मीटिंग में हरियाणा स्टेट पेंशनर्स समाज के राज्य प्रधान देवराजनांदल, चेयरमैन मेहर सिंह नैन, प्रधान महासचिव ईश्वर सिंह सैनी, उपाध्यक्ष आनन्द स्वरूप, रामचंद्र शर्मा, दयानंद यादव कोषाध्यक्ष तुहीराम शर्मा, करतार सिंह, रामरती व दयानंद यादव ने संगठन को मजबूत करने के लिए अपने-अपने विचार रखे।

# हवन-यज्ञ मनुष्य और प्रकृति दोनों के लिए लाभदायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भक्तिधारा गोसेवा ट्रस्ट द्वारा श्रीमद भागवत साप्ताहिक कथा ज्ञानयज्ञ का समापन हवन एवं भंडारे के साथ नेताजी सुभाष पार्क संपन्न हुआ। महामंडलेश्वर स्वामी कपिलपुरी महाराज एवं याज्ञिक आचार्य धर्मवीर प्रसाद वेदपाठी के सानिध्य में आचार्य देव कृष्ण शौनक एवं विनोद शास्त्री ने विधि विधान से हवन करवाया।

मुख्य अतिथि सीताराम व्यास क्षेत्र संघ चालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विशिष्ट अतिथि शमशेर गोयल क्षेत्र मंत्री सेवा भारत विकास परिषद एवं अध्यक्षता मनीष जैन ट्रस्ट प्रधान ने की। आचार्य धर्मबीर वेदपाठी ने कहा कि हिंदू धर्म ग्रंथों में यज्ञ और हवन की अग्नि को ईश्वर का मुख माना गया है। इसमें जो कुछ आहुति यानी खिलाया जाता है,





■ हिंदू धर्म ग्रंथों में यज्ञ और हवन की अग्नि को ईश्वर का मुख माना गया : आचार्य धर्मबीर

वास्तव में ब्रह्मभोज है। हवन एवं यज्ञ का धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व तो है ही इसका वैज्ञानिक दृष्टिकोण भी है। हवन और यज्ञ मनुष्य और प्रकृति दोनों के लिए लाभदायक है।

### हवन यज्ञ का छोटा रूप

हवन एवं यज्ञ में अंतर बताते हुए वेदपाठी ने कहा कि हवन, यज्ञ का छोटा रूप है। किसी भी पूजा व जाप आदि के बाद अग्नि में दी जाने वाली आहुति की प्रक्रिया हवन कहलाती है। यज्ञ एक अनुष्ठान होता है और वह किसी खास उद्देश्य से ही किया जाता है। इसमें देवता, आहुति, वेद मंत्र, ऋत्विक और दक्षिणा अनिवार्य होता है। हवन हिंदू धर्म में शुद्धीकरण का एक कर्मकांड है। कलश रखने वाली माताओं बहनों को ट्रस्ट की ओर से उपहार दिए गए। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। कथा में विनोद कृष्ण शास्त्री, प्रमोद अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, प्रेम मदान, सुरेंद्र भाटिया, पप्पू नारंग, संजय जैन, गिरीश गुलाटी, प्रवीण मक्कड संजय मलिक, युवा समिति सुभाष नगर रोहतक के प्रधान राजेश बत्रा, उप प्रधान संजय चुघ , राकेश कक्कड़, प्रवीण चुघ, किशोर गौरव सलूजा अमन, अमित अरोड़ा, प्रवीण मक्कड़, सुंदर जेटली, प्रवीण सहगल, बीना कौशिक, सीमा अग्रवाल, निधि जैन,लोविना सिंगला, रचना पालीवाल आदि मौजूद रहे।



### बैंसी में सरकारी स्कूल की छात्राओं को दी प्राथमिक उपचार व होम नर्सिंग की ट्रेनिंग

**महम।** बैंसी गांव के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पांच दिवसीय लाइफ स्किल डेवलपमेंट कैंप लगाया गया है। यह कैंप पांच दिन चलेगा। कैम्प के पहले दिन छात्राओं को प्राथमिक उपचार व होम नर्सिंग की ट्रेनिंग दी गई। होम नर्सिंग व फर्स्ट एड ट्रेनर कर्मवीर सिंह ]ने छात्राओं को प्राथमिक उपचार व होम नर्सिंग की व्यापक प्रायोगिक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सही समय पर घायल को सही प्राथमिक सहायता रामबाण साबित होती है। उन्होंने बताया कि किस प्रकार हड्डी टूट, बेहोशी, सांप के काटने, जहरीली दवा के सेवन व सदमे और हृदयाघात में किस प्रकार प्राथमिक सहायता दे कर घायल को जीवन दान दिया जा सकता है। छात्राओं को कम्बल से स्ट्रैचर बनाना भी सिखाया। बैड सीट व कम्बल से बनाए गए स्ट्रैचर की सहायता से घायल को डाक्टर तक ले जाया जा सकता है। इस मौके पर प्राचार्या सुमन मोर, अंजना व रमेश कुमार मौजूद थे।

# क्रिकेट प्रतियोगिता : वैश्य ने सैनी को और जाट कॉलेज ने जीसी को हराया

## महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में खेली जा रही इंटर कॉलेज प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के सरदार वल्लभ भाई पटेल क्रिकेट स्टेडियम में इंटर कॉलेज पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता के दो मुकाबले खेले गए। एक मैच वैश्य कॉलेज रोहतक और सैनी महाविद्यालय रोहतक के बीच हुआ। इसमें वैश्य ने सैनी को 4 रन से हराया। जबकि दूसरे मुकाबले में जाट कॉलेज रोहतक ने जीसी झज्जर को 119 से पराजित किया। इससे पूर्व प्रतियोगिता का शुभारंभ एमडीयू के क्रिकेट खिलाड़ी योगेश राठी ने किया। राठी विजी ट्रॉफी और इंटर यूनिवर्सिटी में एमडीयू का का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

### ऐसे जीता वैश्य कॉलेज

वैश्य कॉलेज रोहतक टॉस जीता और बल्लेबाजी की। निर्धारित 20 ओवर में टीम ने 7 विकेट के नुकसान पर 132 रन बनाए। इनमें सबसे ज्यादा हिमांशु ने 64 बॉल में



■ जाट कॉलेज रोहतक ने जीसी झज्जर को 119 से पराजित किया

80 रन का बड़ा योगदान दिया। सैनी कॉलेज रोहतक के सचिन ने बॉलिंग करते हुए 4 ओवर में 18 रन देकर 3और मनीष ने भी 4 ओवर में 14 रन देकर 2 विकेट लिए। जीत के लिए सैनी कॉलेज की टीम मैदान में उतरी। लेकिन विजयश्री हासिल नहीं कर पाई। 20 ओवर में टीम 5 विकेट के नुकसान पर 128 रन ही बना पाई। और 4रन से वैश्य कॉलेज को विजेता घोषित किया गया। जाट कॉलेज रोहतक और जीसी झज्जर के बीच हुए मुकाबले में जाट कॉलेज ने टॉस जीता और बेटिंग संभाली। टीम ने 4 विकेट के नुकसान पर 223 का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। इसमें 57 बॉल खेलकर सौरभ ने 92, यशवर्धन ने 43 गेंद में 92 रन बनाकर टीम को काफी मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। जीसी झज्जर के बॉलर सचिन ने 4 ओवर फैंके और दो विकेट लिए। लेकिन तब तक वह 44 रन भी दे चुके थे। इसी प्रकार ब्रह्म ने भी 4 ओवर डाले और इन्होंने 41 रन देकर एक विकेट हासिल किया। दूसरी पारी में झज्जर की टीम 104 रन ही बना पाई। इनमें 104 में से देव ने 36 रन बनाए। इन्होंने 28 बॉल का सामना किया। जाट कॉलेज के बॉलर टी भारद्वाज ने 3 ओवर फैंककर मात्र 8 रन दिए और 3 विकेट झटके। इसी प्रकार गेंदबाज सत्यवान भी पीछे नहीं रहे। इन्होंने 4 ओवर में 19 देकर 2 खिलाड़ी पवैलिय भेजे। जाट कॉलेज रोहतक ने ये मुकाबला 119 रन से जीता।



### एमडीयू के रोहित ने जीता गोल्ड मेडल

सीएसजेएम विश्वविद्यालय कानपुर में आयोजित की जा रही उत्तर-पूर्व क्षेत्र इंटरयूनिवर्सिटी पुरुष जूडो प्रतियोगिता में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के रोहित अहलावत ने गोल्ड मेडल जीता है। इन्होंने 100 किलो भार में ये उपलब्धि हासिल की। इनके अलावा 81 किलोग्राम में ओमबीर ने, 90 में कुणाल ने 100 प्लस में साहिल ने अखिल भारतीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया।

# अंडरपास में भरा गंदा पानी, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

वार्ड नंबर 19 डबल फाटक के अंडर पास में पिछले कई दिनों से गंदा व बदबूदार पानी भर गया है। जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है। समाजसेवी जसबीर ने बताया कि अंडरपास में करीब दो फीट गंदा व बदबूदार पानी भरा हुआ है। यहां से कई कॉलोनियों के निवासियों की आवाजाही रहती है।

पानी निकासी न होने के कारण दो पहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं। कई लोगों के वाहन भी खराब हो चुके हैं। इतना ही नहीं अंडर पास के अंदर लाइट की व्यवस्था भी नहीं है। साथ ही जगह जगह गंदगी के ढेर भी लगे हुए हैं।



उन्होंने बताचा कि इसकी शिकायत नगर निगम कमिश्नर, मेयर, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर को दी गई है, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस समस्या का समाधान जल्द से जल्द किया जाए। इस मौके पर सतपाल, रविंद्र, भूषण वधवा, जसबीर कुमार, सतीश आदि मौजूद रहे।

### महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के पंद्रह विद्यार्थी असिस्टेंट डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी परीक्षा में चयनित



रोहतक। महर्षि दयानंद विवि के विधि विभाग के 15 विद्यार्थी हरियाणा पब्लिक सर्विस कमिशन की असिस्टेंट डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी की परीक्षा में चयनित हुए हैं। विधि विभागाध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र ढुल ने बताया कि एडीए सेलेक्ट हुए विद्यार्थी हैं- दीपाली, प्रवेश, प्रशांत यादव, पूजा यादव, सुधांशु, रिया, सक्षम, आनंद राठी, अनु अहलावत, चांदनी, रीतू सहरावत, आकाश राठी, हीना दहिया, सचिन दहिया, मीनाक्षी कौशिक। डा. जितेन्द्र ढुल ने बताया कि हिमाचल न्यायिक सेवा में छात्रा हिमानी देसवाल तथा बिहार में छात्र आकाश राठी एपीओ चयनित हुए हैं। डा. जितेन्द्र ढुल ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# झुग्गी झोपड़ी में रहने वालों को बांटे कंबल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एलपीएस बोसार्ड के डायरेक्टर राजेश जैन ने पुरानी आईटीआई ग्राउंड कम्यूनिटी सेंटर के पास सैकड़ों की संख्या में राज मजदूरों, झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले, रिक्शा चालने वाले व जरूरतमंदों को 360 गर्म कंबल वितरित किए। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया सामान्य अस्पताल, रेलवे स्टेशन और प्रशाशन द्वारा संचालित भिवानी रोड स्थित रैन बसेरा सहित शहर के कई स्थान पर पहुंच कर उन्होंने जरुरत मंदों को सर्दी से बचाव के लिए कंबल बांटे।

एलपीएस बोसार्ड के डायरेक्टर राजेश जैन, महामंडलेश्वर स्वामी कपिल पुरी महाराज, महामंडलेश्वर विश्वेश्वरानंद महाराज ने कंबल बांटे। राजीव जैन ने बताया कि सर्दी के दौरान अभियान को जारी रखते हुए शहर के अलग अलग स्थानों पर




**रोहतक।** कंबल वितरित करते महामंडलेश्वर स्वामी कपिल पुरी महाराज, महामंडलेश्वर विश्वेश्वरानंद महाराज व एलपीएस बोसार्ड के डायरेक्टर राजेश जैन।

प्रतिदिन कंबल वितरित किए जा रहे हैं। राजेश जैन ने सर्दी से बचाव के लिए जरूरी सावधानी बरतने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि हमें सुबह कुछ समय निकालकर योगा जरूर करना चाहिए, जिससे शरीर में सारा दिन स्फूर्ति रहती है और योगा करने से रोगों से बचाव होता है। इस अवसर पर सन्नी निझावन, पिंकी, मोहित, शीतल, सेवा राम, दिलबाग, सोनू, राजकुमार आदि मौजूद रहे।



### रोटरी क्लब ने भूमिका दिव्यांगजन सेवा संस्थान में लैब की स्थापना करवाई

**रोहतक।** भूमिका दिव्यांगजन सेवा संस्थान कलानौर में रोटरी क्लब रोहतक सिटी ने कंप्यूटर लैब की स्थापना करवाई। प्रधान डॉक्टर अजीत पाल के सौजन्य से रोटरी क्लब रोहतक के सभी सदस्यों ने दिव्यांग बच्चों की संस्था भूमिका दिव्यांगजन सेवा संस्थान में शिरकत की। दिव्यांग बच्चों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए यह व्यवस्था करवाई गई है ताकि सभी दिव्यांग बच्चे अपने शिक्षक प्रशिक्षण को कंप्यूटर तकनीकी के माध्यम से पूरा कर सकें। दिव्यांग बच्चों की मदद के लिए बिट्टू परूथी ने संस्था को 5100 रूपये की राशि भेंट की और सतीश बाबू गोयल ने सभी दिव्यांग बच्चों की खाद्य सामग्री के लिए 2000 रूपये की धनराशि भेंट की। इस अवसर पर रोटरी क्लब के प्रोजेक्ट चेयरमैन संदीप गर्ग, सेक्रेटरी आशुतोष गुप्ता, अजय गुप्ता, नरेश गोयल, अजय जैन, मोहनजीत सिंह, मदन आर्य आदि उपस्थित रहे।

# डॉ. संदीप दांगी मुंबई वालों को देगा फिटनेस का मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक के मदीना के रहने वाले इंटरनेशनल फिटनेस एक्सपर्ट, मोटिवेशनल स्पीकर, गोल्ड मेडलिस्ट प्रो. कबड्डी खिलाड़ी डॉ. संदीप दांगी 7 जनवरी को मुंबई वालों को फिटनेस के गुर सिखाएंगे। डॉ. दांगी ने बताया कि ये फिटनेस प्रोग्राम उन्हीं के फिटनेस प्रोग्राम नेचुरल फिटनेस फामूर्ला के तहत लॉन्च हुई कैंपेन 'यंग इंडिया फिट इंडिया' के तहत मुंबई में होने जा रहा है।

### देश में 70 फीसदी युवा

इस फिटनेस प्रोग्राम में कई बड़े बॉलीवुड सेलिब्रेटी और कई बड़े पॉलिटिशियन शामिल होंगे। डॉ. दांगी ने बताया कि हमारा 70 प्रतिशत युवाओं का देश हैं लेकिन युवा पीढ़ी आज सिर्फ कागजों में रह गई हैं, क्योंकि हमारे युवाओं व बच्चों को नशे, काम वासना, सप्लीमेंट्स, अधूरा ज्ञान और कंफर्ट जोन ने



■ फिटनेस प्रोग्राम में कई बड़े बॉलीवुड सेलिब्रेटी और कई बड़े पॉलिटिशियन शामिल होंगे

जकड़ लिया है।

चाहे फिर वो लड़की हैं या लड़का सब इन्हीं सब चीजों का शिकार हो रहे हैं। बड़े बुजुर्ग, महिलाएं भी अपनी हेल्थ को लेकर ढेर सारी परेशानियों का सामना कर रही हैं। इसलिए यंग इंडिया फिट इंडिया कैंपेन देश, समाज और परिवार को मजबूत बनाने में संजीवनी बूटी का काम करेगी।

## पानी की निकासी में लग रहा समय, चारे का संकट पैदा हुआ

# मदीना में टूटी भिवानी डिस्ट्रीब्यूट्री, फसलें जलमग्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

मदीना गांव से गुजरने वाली भिवानी डिस्ट्रीब्यूट्री टूटने से सैकड़ों एकड़ फसल जलमग्न हो गई। जहां से नहर की पटरी टूटी, उससे काफी दूर तक पानी फैल गया। जिसकी वजह से गेहूं की फसल नष्ट हो गई। गेहूं के अलावा सरसों भी नुकसान हुआ है। कई दिन तक पानी जमा रहने से गेहूं, सरसों, बरसीम व अन्य चारे की फसलें बर्बाद हो गई हैं। पशुओं के सामने चारे का संकट पैदा हो गया है। खेतों से पानी की निकासी में अब समय लग रहा है। ऐसे में न तो अब गेहूं की बिजाई हो सकेगी और ऊपर से खेतों में गेहूं, सरसों व अन्य चारे की फसलों की बिजाई पर खर्च पूरा किया जा चुका था। मदीना गांव के





किसानों की मांग है कि जल्द ही जिला प्रशासन उनके खेतों की गिरदावरी करवाकर उन्हें मुआवजा प्रदान करे।

गेहूं की फसल बर्बाद हो जाने से सैकड़ों परिवारों के सामने खाने के लिए अनाज का संकट भी पैदा हो जाएगा। मदीना गांव के किसान संजय दांगी ने बताया कि फिलहाल मदीना गांव के खेतों में 100 एकड़ से अधिक रकबे में पानी जमा है। हालांकि विभाग द्वारा पानी उतारने का काम तो शुरू कर दिया गया है। लेकिन खेतों को सूखने में अब लंबा समय लगेगा, तब तक किसी भी फसल की बिजाई करना संभव नहीं होगा। संजय दांगी ने बताया कि उसने और उसके खेत पास के अन्य कई किसानों ने दूसरी बार गेहूं की फसल की बिजाई की थी। क्योंकि जब पहली बार बिजाई की थी तो गेहूं के बीज अंकुरित नहीं हुए थे। जिस वजह से दूसरी बार गेहूं बोना पड़ा था। मदीना गांव के किसान नरेश कुमार, बलवान सिंह, संजय कुमार, जिले सिंह, सोमबीर सिंह और नरेंद्र कुमार ने बताया कि उनके खेत में गेहूं की फसलें पानी में डूब चुकी हैं। वे फसलों की बिजाई पर पूरा खर्च कर चुके थे। यदि उन्हें समय पर मुआवजा मिल जाए तो कुछ राहत मिल सकती है।

# स्वास्थ्य विभाग के फार्मासिस्ट ने सिविल सर्जन को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने शुक्रवार को स्वास्थ्य महानिदेशक के नाम एक ज्ञापन सिविल सर्जन को ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन गवर्नमेंट फार्मासिस्ट के जिला प्रधान रविंद्र शर्मा ने बताया की सरकार की अनदेखी के कारण प्रदेशभर के फार्मेसी ऑफिसर वर्ग में रोष है। जोखिम भत्ता, पदोन्नति चैनल, 4600 ग्रेड पे, ग्रुप-बी राजपत्रित का दर्जा देने के लिए और नए पद सृजित करने को लेकर बहुत सी मांगे लम्बे समय से लंबित हैं।

उन्होंने चेतावनी दी है कि उनकी मांगों की ओर ध्यान नहीं दिया तो एक बार फिर आंदोलन करना पड़ेगा। स्वास्थ्य महानिदेशक के नाम ज्ञापन में मांगो पर जल्द गौर करने की मांग की है। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष जगपाल सिंह, रविंदर शर्मा, अरविंद हुड्डा, रवि शर्मा, मुकेश सांगवान, शम्मी वर्मा, नवीन कुमार, अशोक हुड्डा, प्रमोद नांदल, अनिल हुड्डा, अश्विनी, नरेंद्र कुमार, वरुण, योगेश, दीपिका, पूजा और सारिका मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### मासिक वैदिक सत्संग का आयोजन कल

**रोहतक।** स्वामी श्रद्धानन्द सरस्वती स्मृति दिवस पर मासिक वैदिक सत्संग का आयोजन 7 जनवरी को सुबह 9 बजे से 12:30 बजे तक पंडित जगदेवसिंह सिद्धान्ती भवन दयानंदमठ में होगा। जिसके मुख्य वक्ता वैदिक विद्वान स्वामी शान्तानन्द (दर्शन योग महाविद्यालय सुन्दरपुर कुटिया, रोहतक) होंगे। आर्य प्रतिनिधि सभा हरयाणा कार्याल्याधीक्षक सत्यवान आर्य ने बताया कि स्वामी नित्यानंद (दयानन्दमठ, रोहतक) अपने विचार प्रस्तुत करेंगे तथा भजनोपदेशक रामनिवास आर्य अपने भजन प्रस्तुत करेंगे।

### स्वामी नितानंद स्कूल में सेमिनार कल

**रोहतक।** शील बाइपास स्थित स्वामी नितानंद पब्लिक स्कूल रविवार को मेंडेमोक्रैटिक फोरम रोहतक द्वारा सेमिनार का आयोजन किया गया। यह जानकारी कार्यक्रम संयोजक प्रो. सुरेंद्र कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र के भूतपूर्व प्रोफेसर डॉ. अरुण कुमार को आमंत्रित किया गया है।

### कॉलेज में लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

**सांपला।** सर छोटूराम कन्या महाविद्यालय में शुक्रवार को दिल्ली के एक निजी अस्पताल की तरफ से स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर कॉलेज यूनिवर्सिटी आउटरीच कॉल की तरफ से लगवाया गया था। डॉक्टर अनीता गुप्ता की टीम ने कॉलेज शिक्षकों व छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच की। डॉ. जगबीर मलिक ने बताया कि इसमें करीब 80 महिला पुरुषों छात्राओं की जांच की गई।

### बहु अकबरपुर में लाइफ स्किल डेवलपमेंट कैंप

**रोहतक।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बहु अकबरपुर में लाइफ स्किल डेवलपमेंट कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में होम साइंस की लेक्चर बबीता ने बच्चों को जैम, जेली, पिकल्स आदि बनाने सिखाए। उन्होंने बताया कि किस प्रकार से नेचुरल तरीके से जैम बनाकर खा सकते हैं। वहीं, बच्चों को एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट से दिलबाग सिंह अहलावत ने कृषि से संबंधित और मधुमक्खियां के पालन के बारे में जानकारी दी।

### सरस्वती मित्तल की स्मृति में बांटे कंबल

**रोहतक।** हरियाणा अम्बेडकर संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. मनजीत सिंह दहिया विद्यावाचस्पति की अध्यक्षता में गांव लाखनमाजरा में सरस्वती मितल की स्मृति में 300 गरीब महिलाओं, बुजुर्गों को कम्बल वितरित किए गए। मुख्य अतिथि गोसेवक, समाजसेवी विजय कुमार मित्तल रहे। समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनजीत सिंह दहिया ने ग्राम पंचायत नांदल के सरपंच जयप्रकाश नांदल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

### एमपीएचई सुपर वाईजर संघ के प्रधान बने नरवाल

**रोहतक।** उप सिविल सर्जन कार्यालय मलेरिया के कार्यालय में स्वास्थ्य सुपरवाइजर संघ की जिला कार्यकारिणी का गठन हुआ। इसमें सर्वसम्मति से वीरपाल नरवाल को संघ का जिला प्रधान चुना गया।

## अब महिला सुरक्षा के लिए हॉट स्पॉट चिन्हित करेगी पुलिस

# 2023 के 58 में से 54 मर्डर सुलझाए 2024 में महिला सुरक्षा पर फोकस

एसपी ने पुलिस अधिकारियों की ली बैठक, अपराध बारे की चर्चा, नशा, अवैध हथियार रखने वालो पर सख्त कार्यवाही होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

पुलिस ने 2023 में हुए अपराधों की समीक्षा की और ट्रैस करने का रिकॉर्ड भी बताया। रोहतक में 2023 में 58 मर्डर हुए इनमें से 54 मामलों को पुलिस ने सुलझा लिया है। यही नहीं 2022 में हत्या के 62 मामले दर्ज हुए थे। यानी 2022 की अपेक्षा 2023 में हत्या जैसे अपराध में कमी दर्ज की गई है। यही नहीं 2023 में हत्या के प्रयास के 61 मामले दर्ज हुए थे, जिनमें 57 मामलों को सुलझा लिया गया।

2022 में हत्या के प्रयास के 63 मामले दर्ज किए गए थे। लड़ाई-झगड़े, मारपीट आदि के 2023 में 616 मामले दर्ज हुए, जिनमें 592 को हल किया गया। साल 2023 में 113 उद्घोषित अपराधी व 258 बेल जंपरों को गिरफ्तार किया गया है। लझघु सचिवालय में एसपी हिमांशु गर्ग ने अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में एसपी ने सख्त निर्देश दिए कि किसी भी सूरत में क्राइम कंट्रोल होना चाहिए। एसपी ने कहा कि सभी प्रभारी थाना अपने-अपने एरिया में महिला विरूद्ध अपराधों के हॉट स्पॉट स्थानों को चिन्हित करेंगे। चिन्हित किए गए हॉट स्पॉट स्थानों को महिलाओं के लिए सुरक्षित बनाने के लिए उचित कदम उठाएं, पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाएं व आवारा युवकों कार्रवाई करें।

बैठक के दौरान आपराधिक आंकड़ों की तुलनात्मक समीक्षा करते हुए विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। जिनमें स्थानीय एवं विशेष प्रविधानों के तहत आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम, लंबित शिकायतों का निपटारा, उद्घोषित अपराधी, बेल जंपर, मोस्ट वांटेड तथा गिरोह में शामिल दोषियों की धरपकड़ के लिए की गई कार्रवाई, मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त दोषियों की संपत्ति अटैच करने की कार्रवाई, शस्त्र लाइसेंसों का विश्लेषण, पासपोर्ट व शस्त्र लाइसेंस वेरिफिकेशन की कार्रवाई इत्यादि सहित अन्य विषयों की समीक्षा करते हुए विस्तार से चर्चा की गई।



**रोहतक।** अधिकारियों की बैठक लेते हुए एसपी हिमांशु गर्ग।

### तस्करों पर नजर रखें कार्यवाही हो

एसपी हिमांशु गर्ग ने कहा कि नशा, अवैध हथियारों की तस्करी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करें। अवैध तरीके से चल रही शराब की दुकानों-खुर्दे पर कार्रवाई करें। सार्वजनिक स्थानों पर नशेड़ी-आवारागर्दी कर घूमने वालो के खिलाफ सख्त कार्यवाही करें। सभी वार्ड-ग्राम प्रहरी को अपने वार्ड-ग्राम का पूरा ज्ञान होना चाहिए। वार्ड-ग्राम में होने वाली हर छोटी-बड़ी घटना की प्रहरी को समय पर जानकारी प्राप्त हो तथा प्रहरी द्वारा संबंधित प्रभारी थाना के साथ सूचना साझा की जाए ताकि अपराध पर अंकुश लगाया जा सके।

### ये रहे मौजूद

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मेधा भूषण, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय रवि खुंडिया, उप पुलिस अधीक्षक सांपला राकेश, उप पुलिस अधीक्षक महम संदीप, सभी प्रभारी थाना-चौकी, सभी प्रभारी सीआईए स्टाफ व अन्य अधिकारी मौजूद रहे है।

### डॉग स्कवायड की मदद लें

रात को 10 बजे के बाद डीजे व तेज आवाज में बज रहे म्यूजिक को बंद कराए। 10 बजे से पहले डीजे या म्यूजिक सिस्टम धीमी आवाज में बजना चाहिए ताकि ध्वनि प्रदूषण पर रोक लग सके। एसपी ने कहा कि चोरी के मामले में डॉग स्कवायड की मदद लें, जिससे चोरी के मामलों को हल करने में सफलता मिलेगी। घर-दुकान में चोरी के मामलों में फिंगरप्रिंट विशेषज्ञ की सहायता लें। सभी थानों में फिंगर एक्सपर्ट तैनात किए गए है। मौके से मिले चांस प्रिंट को पुराने अपराधियों व संदिग्ध व्यक्तियों के साथ मैच कराए। जिन मामलों में आरोपियों की गिरफ्तारी बकाया है उन्हें तत्परता से गिरफ्तार करने के प्रयास करें।

## पीजीआई कर्मी बोले, समय पर मिले वेतन, बोनस भी हो लागू



**रोहतक।** आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए पीजीआईएमएस अनुबन्ध कर्मचारी संगठन की प्रधान कलावती कांगड़ा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

विजय पार्क में पीजीआईएमएस अनुबन्ध कर्मचारी संगठन के एचकेआरएन और अनुबंध कर्मचारियों की गेट मीटिंग हुई। इसकी अध्यक्षता कलावती कांगड़ा ने की। मंच का संचालन अजमेर बोहत महासचिव ने किया। अध्यक्ष कलावती कांगड़ा ने कहा कि यूनियन की प्रशासन से बातचीत हुई है। यूनियन के पदाधिकारियों और कर्मचारियों को बताया कि एक आईडी कार्ड की समस्या भी जल्द दूर हो जाएगी और वेतन भी समय पर दिलवाने की बात कही। इसके अलावा हटाए हुए स्वीपर कर्मचारियों को भी जल्द ड्यूटी पर लिया जाएगा। कांगड़ा ने कहा कि कर्मचारियों को समान काम समान वेतन दिया जाए, दीपावली का बोनस लागू किया जाए। हमारे सभी कर्मचारियों को बीट लोन लागू किया जाए।

### ये रहे मौजूद

बैठक में रामचन्द्र लोहट, दर्शन कागड़ा, सावन टांक, गुलाब भगोतीपुर, आशा गीता,, अनीता, अनिल, आशीष चौहान, कश्मीरी नागर, सुनील, रामनिवास, सुरेन्द्र मदीना, मोहन, अजीत, कविता, जयबीर, गौरव, सुरेश, सुनीता, राजबाला, रविन्द्र, सुदेश, सन्धा, विकास मौजूद रहे।

### सनातन धर्म के सशक्तिकरण का होगा नववर्ष 2024

**रोहतक।** समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया ने ओशोधारा नानक धाम मुरथल से अपने अध्यात्मिक संदेश में कहा कि सनातन धर्म की पुनर्स्थापना के लिए शक्तिशाली एवं समर्थ हिंदू राष्ट्र की स्थापना की जाए। सामुदायिक और सांस्कृतिक एकता को बढ़ाया जाए और नए आध्यात्मिक केंद्रों का विकास किया जाए। उन्होंने सनातन धर्म की पांच पहचान बताई। ओंकार को जानकर उसका जाप करें और ब्रह्म को सर्वव्यापी जाने। मनसा, वाचा और कर्मणा से किसी को चोट न पहुंचाएं। प्रतिदिन आरती हर घर में हो और आत्मरक्षा के लिए अस्त्र रखा जाए। वहीं 6 जनवरी को औलिया दिवस पर सूफी दरबार आयोजित किया जाएगा। इसी दिन परमगुरु सूफी बाबा शाह कलंदर गिरिडीह वाले ने समर्थगुरु को औलिया की उपाधि से नवाजा था। सूफी बाबा का कहना था कि जब तक सनातन धर्म भारत में जीवित है तब तक ही सूफिज्म जीवित है। जब पाकिस्तान का निर्माण मजहब के आधार पर हुआ है तो भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित कर देना चाहिए।

## संकल्प यात्रा का पोलंगी, रूड़की व सीसर खास में स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

विकसित संकल्प यात्रा शुक्रवार को पोलंगी, रूड़की व सीसर खास गांवों में पहुंची। उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि इन तीनों गांवों में आयुष्मान व चिरायु हरियाणा योजना के 5695 लाभार्थियों में से अब तक 189 लाभार्थियों ने 46.89 लाख रुपये की धन राशि के स्वास्थ्य बीमा का लाभ उठाया है। गांवों में अब तक 107 पेंशन स्वतः बनी हैं। पोलंगी गांव में 280 लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ दिया जा रहा है। रूड़की में 986 लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ दिया जा रहा है। अब तक इस गांव में 54 पेंशन स्वतः बनी हैं। गांव में आयुष्मान व चिरायु योजना के 2374 लाभार्थियों में से 81 लाभार्थियों ने स्वास्थ्य बीमा के तहत 22 लाख 30 हजार रुपये का लाभ प्राप्त किया है। उपायुक्त ने बताया कि सीसर खास गांव में 844 लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ और आयुष्मान व चिरायु योजना के 2697 लाभार्थियों में से 86 लाभार्थियों ने स्वास्थ्य बीमा के तहत 20 लाख 77 हजार रूपये का लाभ प्राप्त किया है। ग्रामीणों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के संदेश भी सुनवाये गए।

### लोगों को योजनाओं से जोड़ रही यात्रा : सतीश नांदल

पोलंगी व रूड़की में नागरिकों को विकसित भारत की शपथ दिलाई गंा। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष संतीश नांदल ने कहा कि यह यात्रा प्रदेश के लाखों पात्र नागरिकों को योजनाओं के साथ जोड़ने का कार्य करेगी। यात्रा का मकसद आमजन को सरकार की योजनाओं से अवगत करवा कर उनको इन योजनाओं का लाभ देना है। सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन करते हुए पारदर्शी शासन दिया है। संकल्प यात्रा के दौरान पात्र नागरिकों को मुफ्त में गैस कनेक्शन दिए जा रहे हैं लेकिन जो लाभार्थी अभी तक छूट गए हैं, उनके आवेदन भी मौके पर ही करवाए जा रहे हैं।

### अनुभव सांझा कर रहे लाभार्थी

कार्यक्रमों के दौरान मेरी कहानी-मेरी जुबानी के तहत विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने अपने मन की बात लोगों के साथ सांझा करते हुए बताया कि कैसे वे और उनका परिवार सरकार की अंत्योदय उत्थान एवं कल्याण से संबंधित योजनाओं का लाभ उठाकर अपने जीवन में बदलाव ला रहे हैं। कार्यक्रम में ब्लॉक समिति के चेयरमैन सुनील उर्फ भोलू, रवी हुड्डा, नरेश खुंडिया, राजेश धामड़, सुखबीर विस्तारक, राजसिंह, कृष्ण पंडित, परमजीत पोलंगी, नीरज हुड्डा, हरिप्रकाश, अमित, सरपंच मनवीर, उमेद, प्रताप सिंह, रामसिंह आदि मौजूद रहे।

### लाभ पहुंचाने के लिए अहम साबित हो रही संकल्प यात्रा

भाजपा वरिष्ठ नेत्री राधा अहलावत ने महम खंड के गांव सीसर खास में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान कहा कि जरूरतमंद एवं गरीब पात्र व्यक्ति तक केन्द्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा अहम साबित हो रही है। मोदी सरकार की गारंटी वाली ये गाड़ियां लोगों के जीवन में खुशहाली ला रही हैं। सकारात्मक सोच के साथ पात्र लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए प्रत्येक गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंच रही है।

## एमडीयू ने पशु विज्ञान विश्वविद्यालय हिसार को सात विकेट से हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की एम्प्लाइज क्रिकेट टीम ने संत तुकडोजी महाराज यूनिवर्सिटी, नागपुर द्वारा आयोजित 19वें ऑल इंडिया वाइस चांसलर टी-20 क्रिकेट कप में शुक्रवार को सेमीफाइनल मैच में लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय हिसार की एम्प्लाइज क्रिकेट टीम को 7 विकेट से हराते हुए फाइनल में प्रवेश किया। एमडीयू के कप्तान राज उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के चलते मैन ऑफ द मैच बने तथा गौरव दूरेजा बेस्ट बैटर रहे।

नागपुर के धनवते नेशनल कालेज के क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित इस सेमिफाइनल मैच में एमडीयू ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। एमडीयू के गेंदबाजों ने मैच के पहले ओवर से ही लाइन लेंथ के साथ गेंदबाजी की और लुवास हिसार टीम के बल्लेबाजों का हाथ खोलने के ज्यादा मौके नहीं दिए। एमडीयू की सधी हुई गेंदबाजी के आगे लुवास की टीम 17.3 ओवर में 145 रन पर ऑल आउट हो गई।



### 146 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी एमडीयू

नरेन्द्र शीलक और रामबीर राणा ने भी एक-एक विकेट लिया। पंकज नैन ने भी पावर प्ले के तीन ओवरों में मात्र 17 रन देते हुए किफायती गेंदबाजी की। 146 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी एमडीयू की टीम को पहले ओवर में ही कप्तान राज के तौर पर झटका लगा। पहला विकेट गिरने के बावजूद एमडीयू के बल्लेबाजों नरेन्द्र शीलक व गौरव दूरेजा ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया और खेल मैदान के चारों तरफ दर्शनीय शॉट्स लगाए। गौरव दूरेजा ने शानदार अर्धशतक जमाते हुए 54 रन बनाए। नरेन्द्र शीलक ने 21 गेंदों पर 44 रनों की विस्फोटक पारी खेली तथ आनंद प्रजापति ने भी 21 गेंदों पर तेजतर्रार नाबाद 35 रन बनाए।

## मुख्यमंत्री ने जिलाध्यक्षों को दिए चुनाव में जीत के टिप्स



**रोहतक।** चंडीगढ़ स्थित सीएम आवास पर मुख्यमंत्री के साथ नवनियुक्त जिलाध्यक्षों की बैठक प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हुई। बैठक में प्रदेश संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा और नवनियुक्त महामंत्री बैठक भी बैठक में शामिल रहे। बैठक में मुख्यमंत्री ने जिलाध्यक्षों को चुनाव में जीत के टिप्स दिए। साथ ही विकसित भारत संकल्प यात्रा की समीक्षा भी की। इस अवसर पर रोहतक के जिलाध्यक्ष एडवोकेट रणवीर ढाका ने मुख्यमंत्री मनोहरलाल को चांदी का रथ भेंट किया और मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया कि उनका विजयी अभियान रुकेगा नहीं। तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी। गौरतलब है कि ढाका पंजाब एवं हरियाणा हाइकोर्ट बार काउंसिल के वाइस चेयरमैन भी हैं। इस मौके पर महामंत्री सुरेंद्र पुनिया, डॉ. अर्चना गुप्ता, मोहन बड़ौली आदि मौजूद रहे।

## लूट का प्रयास करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

पुलिस ने गांव सांघी के पास लूट का प्रयास करने की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी गांव चमारिया निवासी मोहित की हत्या करने की साजिश में शामिल रहा है। आरोपी को कोर्ट में पेश करके दो दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया गया है।

सीआईए-2 प्रभारी आजाद नैन ने बताया कि गांव सांघी निवासी सुमित की शिकायत के आधार पर सदर थाना में केस दर्ज किया गया। जांच में सामने आया कि सुमित ने गांव खिड़वाली, जिंदराण, घुसकानी, कटवाडा में शराब के ठेके एग्रमेंट पर ले रखे है। 6 दिसंबर को सुमित गांव से रात करीब 8.15 बजे कैश इक्टठा करके स्कूटी से गांव सांघी की तरफ जा रहा था। खिड़वाली की तरफ से एक कार आई और सुमित के आगे से निकल गई।

वहीं, कार सिरसा जोहडी के पास सड़क के किनारे खडी थी और तीन युवक सड़क पर खडे थे। एक युवक हथियार लिये हुए खडा था। युवकों ने सुमित को पकड़ने की कोशिश की। युवक धमकी देते हुये कटवाडा की तरफ मौके से फरार हो गए। जांच के दौरान 5 जनवरी को आरोपी रिंकू उर्फ़ बॉस निवासी चमारिया को गिरफ्तार किया गया है।

## सतीश नांदल को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर कार्यकर्ताओं ने जताई खुशी



**कलानौर।** वरिष्ठ समाजसेवी एवं भाजपा नेता सतीश नांदल को भारतीय जनता पार्टी का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर भाजपा पार्टी के कार्यकर्ताओं तथा पदाधिकारियों ने खुशी जाहिर की है। इस नियुक्ति पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी तथा मुख्यमंत्री मनोहर लाल सहित पार्टी के शीर्ष नेताओं तथा पार्टी संगठन पदाधिकारियों का आभार प्रकट करते हुए भाजपा रोहतक जिला इकाई तथा विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं ने कहा कि उनकी नियुक्ति से पार्टी संगठन को मजबूती प्रदान होगी तथा पार्टी संगठन से हर वर्ग के व्यक्ति का जुड़ाव होगा। सतीश नांदल ने कहा कि वह पार्क पार्टी संगठन द्वारा दी गई जिम्मेवारी को निष्ठा पूर्वक निभाएंगे तथा भाजपा की जनहितकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे ताकि हर वर्ग तथा हरेक व्यक्ति को इनका लाभ मिल सके।

### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अरविंद पुत्र रमेश चन्द्र ने अपने पिछले मूल दस्तावेज गांव कान्ही में 7.5 जिला रोहतक खो गए हैं। संपत्ति के संबंध में सतबीर सिंह पुत्र उम्मेद सिंह के पक्ष में बिक्री विलेख दिनांक 28/09/2020 संख्या 3581, माप 10 कनाल 16 मरला। यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त गुम दस्तावेजों के बारे में जानकारी/कब्जा/जानकारी मिलती है तो उसे 7 दिनों के भीतर पंकज शर्मा, अधिवक्ता, चैम्बर 392, जिला न्यायालय रोहतक फ़ोन नंबर-9896553019 को जमा/सूचित करें। इसके बाद किसी भी प्रकार का दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

हस्ता/- पंकज शर्मा,
अधिवक्ता

## 2023 में सरकारी बैंकों से अकाउंट बंद करवाकर प्राईवेट खुलवाने के दिए थे ऑर्डर

# पंचायतें एचडीएफसी से खाते बंद करवाकर पीएनबी में खुलवाएं

अमरजीत एस गिल ⏭ रोहतक

15 सितंबर 2023 को सरकार ने पंचायती राज संस्थाओं को आदेश दिए कि वे तुरंत अपने खाते प्राइवेट बैंक एचडीएफसी में खुलवाएं। संस्थाओं ने आदेशों की पालना की और एचडीएफसी से लेनदेन शुरू किया। लेनदेन करते हुए थोड़े ही दिन हुए थे कि 5 जनवरी 2024 को फिर से सरकार ने ऑर्डर दिया कि एचडीएफसी बैंक से अपने खाते बंद करवाकर सरकारी क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक में खाते खुलवाएं। पत्र में कहा गया कि सरकार उस आदेश को रद कर रही है, जिसमें पंचायतों को एचडीएफसी बैंक में खाते खुलवाने के लिए कहा गया था। चूंकि सरकार का आदेश है, ऐसे में पंचायत विभाग के जिला स्तर के अधिकारी कुछ भी नहीं बोल रहे हैं। अफसरों का कहना है कि सरकार जैसे ऑर्डर देगी, उसकी पालना होगी। अधिकारी कह रहे कि पंचायतों के प्रतिनिधि हमारे से सवाल करेंगे सरकार से नहीं।

### 15वें वित्त आयोग का भेजा था पैसा

बताया जा रहा है कि गत सितंबर में जब पंचायती राज संस्थाओं के खाते पंजाब नेशनल बैंक से बंद करवाकर एचडीएफसी में खुलवाए थे तो उस समय केंद्र सरकार ने 15वें वित्त आयोग का पैसा भेजा था। जैसे की कयास लगाए जा रहे एचडीएफसी ने पंचायतों को बढ़िया सेवा लेनदेन को लेकर प्रदान नहीं की। इसी वजह से सरकार ने साढ़े तीन महीने में ही दोबारा से पंचायती राज संस्थाओं के खाते पंजाब नेशनल बैंक में खुलवाने के निर्देश दिए। यह भी हो सकता है कि एचडीएफसी बैंक प्रबंधन और पंचायत विभाग के आला अधिकारियों की किसी बात को लेकर खटपट हो गई हो। जिससे वजह अधिकारियों ने साढ़े तीन महीने में अपना फैसला बदलना पड़ा हो।

### ऑनलाइन होता अब लेनदेन

पंचायती राज संस्थाओं का सभी प्रकार का वित्तीय लेनदेन अब ऑनलाइन होता है। यानि के नकद लेनदेन की प्रक्रिया पूरी तरह से बंद की जा चुकी है। कोई भी भुगतान संस्थाओं ने किसी भी फर्म को करना है तो एक सिस्टम के तहत ऑनलाइन किया जाता है। इसके पीछे पेमेंट को पूरी तरह से पारदर्शी बनाना है। भुगतान के लिए एप का प्रयोग भी होता है। लोगों के अनुभव हैं कि सरकारी क्षेत्र के बैंकों की सर्विस निजी क्षेत्र से कमत्तर नहीं हैं। लेकिन सरकारी बैंकों के कर्मचारियों का व्यवहार इतना कुशल नहीं होता है,जितना की प्राइवेट बैंक प्रबंधन का। यहां ये भी महत्वपूर्ण है कि सरकारी बैंक अपने खाताधारक से ऐसा कोई चार्ज नहीं वसूलते, जिसका उपभोक्ता को पता न हो। जबकि निजी बैंक ऐसे चार्ज वसूलते हैं। हालांकि आरबीआई ऐसे मामलों में बेहद संवेदनशीलता अपनाती है। गलत चार्ज वसूलने पर बैंक के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करती है। ध्यान ये भी रहे कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्राइवेट की बजाय सरकारी बैंकों की शाखाएं ज्यादा हैं और लोग सरकारी बैंकों को ही महत्व देते हैं।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
BAMS Doctor 2
Nursing Staff 6
RMO 4
Computer Operator 1
Accountant 1
Gatekeeper 3
Sweeper 2
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

सैक्स समस्याएं
MOST TRUSTED SEXOLOGIST AWARDEE
BHGYASHREE Bollywood Actors
DR. KAWATRA M. 9215161430
निःसंतान दम्पत्तियों
को शादी के सालों साल बाद जब हमारे ईलाज से उन दम्पत्तियों को संतान सुख प्राप्त हुआ, उन लाभार्थ दम्पत्तियों के नाम व पते हमारे पास सुरक्षित हैं।
पुल पार, हिसार रोड, रोहतक 9215161430

## शहर में आज

- पटवारियों का धरना जारी रहेगा तहसील कार्यालय में
- अंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 11.30 बजे से
- वैश्य तकनीकी संस्थान में धरना जारी रहेगा सुबह 9 बजे से
- नगर निगम की टीम चलाएगी अभियान अतिक्रमण हटाया जाएगा
- नगर निगम में प्रोप्टर्टी टैक्स भरने के लिए काउंटर खुलेंगे

## खबर संक्षेप



### हरि ओम सेवा दल को भेंट की स्ट्रेचर व कंबल

**रोहतक।** डॉ. बबिता गर्ग ने अपने जन्मदिन पर हरि ओम सेवा दल को एक स्ट्रेचर और कम्बल मेडिकल सेवा में भेंट किया। डॉ. गर्ग (लाइब्रेरियन) मेडिकल पीजीआईएमएस में कार्यरत हैं। संस्था संचालक विजय खुराना ने बताया कि डॉ. बबिता गर्ग समय-समय पर संस्था के मरीज़ो के लिए सहयोग करती हैं। यह स्ट्रेचर हेमोफिलिया मरीज़ो के लिए भेंट की गई है। इस अवसर पर डॉ. अलका यादव, डॉ. मिनाली (प्रोफेसर हेमोफिलिया), डॉ. पार्थ, डॉ. बिमला आदि उपस्थित रहे।

### 12 को मनाया जाएगा युवा दिवस

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस मनाएगा। निदेशक युवा कल्याण डा. जगबीर राठी ने बताया कि विकसित भारत @2047 के तहत आयोजित राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम में गेट नंबर दो से विवेकानंद लाइब्रेरी तक जागरूकता रैली का आयोजन किया जाएगा। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह इस जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवना करेंगे। यह जागरूकता रैली प्रातः 10.30 बजे से प्रारंभ होगी।

### नायब तहसीलदार ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

**रोहतक।** जिलाधीश अजय कुमार ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के सेक्टर 5 व सेक्टर 21 ए में अनाधिकृत कब्जे हटवाने के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत नायब तहसीलदार बंसी लाल को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। जारी आदेश के तहत पुलिस अधीक्षक द्वारा ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ महिला पुलिस सहित पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा तथा पुलिस बल के प्रभारी संपर्क

# महम नगर पालिका में दूसरे की जगह सरकारी ड्यूटी देता युवक गिरफ्तार

## ■ सीएम फ्लाइंग की नगर पालिका में छापेमारी से खुलासा ■ दो साल से ड्यूटी दे रहा था युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

सीएम फ्लाइंग ने शुक्रवार को महम नगर पालिका में छापेमारी कर दूसरे की जगह पर सरकारी ड्यूटी देते हुए एक युवक को गिरफ्तार है। नगर पालिका सचिव की शिकायत पर पुलिस ने उक्त युवक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। सीएम फ्लाइंग ने छापेमारी की तो यह फजीर्वाड़ा सामने आया। सीएम फ्लाइंग ने खुलासा कि नगर पालिका कार्यालय में जो व्यक्ति पिछले दो साल से चौकीदार की ड्यूटी कर रहा है वह फर्जी है। वह नगर पालिका का कच्चा या पक्का किसी तरह का कर्मचारी नहीं है। वह तो 9 हजार रुपए में किसी दूसरे की कर्मचारी की जगह पर ड्यूटी कर रहा है। यह फजीर्वाड़ा दो साल से भी अधिक समय से चल रहा था। छापामार टीम के एक अधिकारी ने बताया कि सीएम फ्लाइंग को शिकायत मिल रही थी कि नगर पालिका कार्यालय में कोई व्यक्ति दूसरे की जगह पर पिछले दो ढाई साल से ड्यूटी कर रहा है। महम के नायब तहसीलदार दीपक धांगड़ को ड्यूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया। नायब तहसीलदार दीपक धांगड़ की मौजूदगी में सीएम फ्लाइंग से इंस्पेक्टर सुजीत सिंह, एएसआई प्रदीप और सीआईडी से सब इंस्पेक्टर अनिल कुमार महम नगर पालिका के सीटी पुलिस चौकी के पास चलाए जा रहे कार्यालय में पहुंचे। यहां पर नगर पालिका के नियमित सफाई कर्मचारी महाबीर की जगह पर अजय नाम का एक युवक ड्यूटी करता हुआ पाया गया। सीएम फ्लाइंग ने जांच में पाया कि यह युवक पिछले दो ढाई साल से महाबीर सफाई कर्मचारी की जगह पर चौकीदार की ड्यूटी कर रहा है और इसके बदले में महाबीर उसे 9 हजार रुपए प्रति माह देता है। जबकि यह भी चर्चा सामने आई की महाबीर मीट की दुकान चलाता है। कुछ कर्मचारियों ने कहा कि वह बीमार रहता है। अब यह भी जांच का विषय है कि महाबीर ने उसको अपनी जगह पर क्यों तैनात किया हुआ था। नगर पालिका सचिव नवीन नांदल व सफाई निरीक्षक ब्रह्मजीत समेत उन तमाम कर्मचारियों व अधिकारियों की कार्यप्रणाली संदेह के घेरे में आ गई है, जिनका काम कर्मचारियों की हाजरी लेना, उन्हें काम पर भेजना और वेतन जारी करना होता है। इस संबंध में पालिका प्रधान व पार्षदों की भी जिम्मेदारी बनती है।


**महम।** फर्जी कर्मचारी व सफाई निरीक्षक ब्रह्मजीत से पूछताछ करते सीएम फ्लाइंग के अधिकारी।


**महम।** सामुदायिक केंद्र के पास खड़ी सीएम फ्लाइंग की गाड़ी।

### पहले जानकारी नहीं थी, पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई : सचिव



नगर पालिका सचिव नवीन नांदल ने बताया कि वे रोहतक नगर निगम के कार्यालय में गए हुए थे। इस दौरान उन्हें सूचना मिली कि नगर पालिका के सफाई कर्मचारी महाबीर की जगह पर कोई अन्य युवक अजय ड्यूटी कर रहा है। सूचना मिलते ही वे महम पहुंचे। इससे पहले उन्हें इस बात की कोई जानकारी नहीं थी। उन्होंने इसकी शिकायत महम सिटी पुलिस चौकी में दे दी है। अब पुलिस नियमानुसार जो कार्रवाही बनेगी वह करेगी।

# स्वच्छता के पैमाने पर फिर खरा उतरा रोहतक, 9500 अंकों की परीक्षा पास

## 11 को दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में दिया जाएगा अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

स्वच्छता के मामले पर रोहतक एक बार फिर पैमाने पर खरा उतरा है। 9500 अंकों की परीक्षा हमारे शहर ने पास कर ली है। रोहतक को अवार्ड के लिए चुना गया है और 11 जनवरी को यह अवार्ड दिल्ली में दिया जाएगा। पूरे प्रदेश में रोहतक और गोहाना को ही स्वच्छता सर्वेक्षण-2023 में अवार्ड के लिए चुना गया है। रोहतक की रैंकिंग क्या है अभी इसके बारे में जानकारी नहीं दी गई है। 2022 में रोहतक को देश में 38वीं रैंकिंग मिली थी, उम्मीद है कि इस बार रोहतक फिर रिकॉर्ड तोड़ेगा। रोहतक 3 स्टार शहर घोषित हो चुका है। 2023 में नगर निगम फाइव स्टार के लिए भी प्रयास में था। इसक अलावा हमारा शहर ओडीएफ प्लस, प्लस सर्टिफाइड भी है। रोहतक का नाम अवार्ड लिस्ट में आने के बाद नगर निगम के अधिकारी गदगद हैं। भारत मंडपम में इसके लिए समारोह किया जाएगा और नगर निगम के कमीश्नर जितेंद्र दहिया और एग्ज्यूकेटिव इंजीनियर मंदीप धनखड़ को अवार्ड लेने के लिए पत्र लिखा गया है। बता दें कि 2022 में स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 में गुरुग्राम को 19वां, फरीदाबाद को 36वां रैंक मिला था।

■ प्रदेश में रोहतक और गोहाना को ही स्वच्छता सर्वेक्षण-2023 में अवार्ड के लिए चुना गया

### ये वेटेज भी मिलनी थी

- कूड़े से जुड़ी सर्विस को लेकर 53 प्रतिशत वेटेज दिए जाने थे
- प्रोसेसिंग और डिस्पोल के लिए 40 प्रतियात वेटेज दिया जाना था
- प्रयोग हो चुके पानी की मैनेजमेंट के लिए 27 प्रतिशत वेटेज
- लोकल प्रशासन की तरफ से जारी सर्टिफिकेशन के लिए 23 प्रतिशत वेटेज
- सिटिजन्स के फीडबैक के आधार पर 23 प्रतिशत वेटेज मिलना था

### आसान नहीं था अवार्ड

स्वच्छता सर्वेक्षण-2023 अंक की परीक्षा हुई थी। इसके लिए नए नियम भी बनाए गए थे। जिसमें सर्विस लेवल प्रोग्रेस के लिए 4525 अंक, सिटीजन वाइस के लिए 2475 अंक व सर्टिफिकेशन के लिए 2500 अंक थे। इस तरह कुल अंक 9500 के लिए रोहतक रैंकिंग की दौड़ में था। पहले स्वच्छता के लिए 7500 अंक निर्धारित किए गए थे। 2023 में इसे बढ़ा दिया गया था।

### सर्वेक्षण के पैरामीटर

बता दें कि रैंकिंग तय करने के लिए कई पैरामीटर इस्तेमाल किए गए हैं। पैरामीटर के आधार पर तय किया जाता है कि, घर-घर कूड़ा इकठ्ठा करने से लेकर प्लास्टिक वाले कचरे का मैनेजमेंट होता है। इतना ही नहीं वेस्ट टू वंडर पार्क का नया पैरामीटर भी इस बार जोड़ा गया था। जो भी शहर इस पैरामीटर को पूरा करेगा उसे अंकों में 2 प्रतिशत वेटेज दिया जाना था। इसके अलावा कूड़े का कितना और क्या उपयोग किया जा रहा है, इस पर 40 प्रतिशत वेटेज मिली थी।




### सिटीजन वाइस के लिए 320 अंक थे

स्वच्छता सर्वेक्षण की टीम ने शहर के लोगों से भी फीडबैक लिया था। टीम संतुष्ट हुई और फीडबैक पैरामीटर पर खरा उतरा है तो वार्ड रैंकिंग में 320 अंक मिजने थे। इसमें यह भी पता किया गया कि वार्डों में गीला कूड़ा व सूखा कूड़ा अलग किया जा रहा है या नहीं। कूड़ा निस्तारण के लिए 150 अंक मिलने थे। स्वच्छ हरियाणा एप और एप के फीडबैक पर 550 अंक मिलने थे।

### इस बार पहले से बेहतर रैंकिंग की उम्मीद



स्वच्छता सर्वेक्षण-2023 का रिजल्ट आ चुका है। नगर निगम रोहतक को चुना गया अवार्ड के लिए। 11 जनवरी को अवार्ड दिया जाएगा। पहले से बेहतर रैंकिंग की उम्मीद है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में रोहतक देश में 38वी रैंकिंग पर था। नगर निगम कर्मचारियों, अधिकारियों और जनता की मेहनत का नतीजा है कि रोहतक को अवार्ड के लिए चुना गया है।

-विजय सिंह, ज्वाइंट कमीश्नर, नगर निगम,

### सर्टिफिकेशन के लिए भी खरा उतरना जरूरी था

सर्टिफिकेशन के पैमाने पर नगर निगम या यूं कहें कि शहर को खराब उतरना था। इसमें शौचालयों की स्थिति देखी जानी थी। रोहतक को पहले ही ओडीएफ प्लस-प्लस का सर्टिफिकेट मिला हुआ। 2022 में इस पैरामीटर के 600 अंक मिले थे, जबकि इस बार 725 अंक मिलने थे।

# राशन डिपो होल्डर की हड़ताल से बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



■ 60 वर्ष की आयु पूरी कर चुके डिपो होल्डर्स को रिटायर्ड न किया जाए : शिवम मग्गू

राशन डिपो होल्डर्स की हड़ताल से परेशनी खड़ी होनी शुरू हो गई है। डिपो होल्डर्स पांच दिन से हड़ताल पर हैं और इस महीने का राशन भी नहीं देंगे। इससे ऐसे लोगों सामने संकट पैदा हो गया है, जो डिपो के राशन पर ही निर्भर रहते हैं। ऑल राशन डिपो होल्डर्स वेलफेयर एसोसिएशन की मांग है कि नए एक्ट के तहत 60 वर्ष की आयु पूरी कर चुके डिपो होल्डर्स को रिटायर्ड न किया जाए।

डिपो होल्डर शिवम मग्गू ने बताया कि मांगों को लेकर 1 जनवरी से हड़ताल कर रहें हैं। उन्होंने बताया कि नए एक्ट में 300 राशन कार्डो पर नया डिपो बनाने का प्रावधान किया गया है। इससे डिपो होल्डर्स की आय में कटौती होगी और इसमें कोई आर्थिक लाभ नहीं होगा। हमाीा मांग है कि पहले की तरह 600 से 1200 कार्डों पर डिपो बनाया जाए। यदि सरकार इस प्रावधान को समाप्त नहीं करती है तो गुजरात सरकार की तर्ज पर सभी डिपो होल्डर्स को 30 हजार रुपये प्रति माह मानदेय देने की व्यवस्था की जाए। रामकरण, सत्यवान, बलवान सिंह, बलबीर, प्रवीन और संजय आदि ने बताया कि हमारी मांगें नहीं मानी गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## नशीले पदार्थ सहित युवक गिरफ्तार

**रोहतक।** एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने नशीले पदार्थ सहित युवक को काबू किया है। युवक से 9 ग्राम 800 मिलीग्राम हैरोइन बरामद हुई है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। प्रभारी एंटी नारकोटिक्स सेल पीएसआई मनोज ने बताया कि जेपी कॉलोनी रेलवे फाटक के पास से युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान विरेंद्र निवासी झुग्गी जेपी कॉलोनी के रुप में हुई। युवक के पास से 9 ग्राम 800 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई है। आरोपी के खिलाफ थाना शहर में केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

## अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार



**रोहतक।** पुलिस ने युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। सीआईए-1 प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि रुपया चौक से गांव सुनारिया की तरफ से युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान तरुण निवासी विजय नगर के रूप में हुई है। तलाशी लेने पर युवक के पास से दो देसी पिस्तौल बरामद हुए है। युवक के खिलाफ थाना शिवाजी कॉलोनी में केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

## ऑनलाइन हवाई जहाज की टिकट खरीदना पड़ा महंगा, धोखाधड़ी

**सांपला।** कस्बे के वार्ड-6 निवासी कप्तान सिंह को नववर्ष पर ऑनलाइन जहाज की टिकट खरीदना महंगा पड़ गया। उसे न पैसे मिले और न टिकट। पुलिस ने कप्तान के बयान पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। कप्तान का कहना है कि उसने पिछले वर्ष जनवरी में भुवनेश्वर के लिए ऑनलाइन आने-जाने की टिकट खरीदी थी। जिस पर करीब 1 लाख खर्च हुआ। उसको न तो टिकट हासिल हुआ और न पैसे मिले हैं। बार-बार प्रयास के बाद भी पैसे नहीं मिले।

## पीजीआई के स्वागत द्वार पर पं. भगवतदयाल शर्मा की प्रतिमा लगाई जाए



रोहतक। प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री पं. भगवतदयाल शर्मा की पुत्रवधू आशा शर्मा ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नाम एक पत्र लिख है। इसमें लिखा है कि नवनिर्मित पीजीआई के स्वागत द्वार के आगे पं. भगवतदयाल शर्मा की आदमकद प्रतिमा लगाई जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार से उम्मीद है, क्योंकि वर्तमान हरियाणा सरकार सभी महापुरुषों का सम्मान करते हुए सभी को एक साथ लेकर चल रही है। पं. भगवत दयाल शर्मा ट्रस्ट की अध्यक्ष आशा शर्मा ने मेडिकल मोड चौक का नामकरण पं. भगवतदयाल शर्मा के नाम पर करने की भी मांग की है। उन्होंने कहा की मेडिकल मोड चौक की अपने आप में पं. भगवत दयाल शर्मा पीजीआई की तरह ही पहचान है। सरकार जल्द इस चौक का नामकरण करे और भव्य प्रतिमा भी स्थापित करवाए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।



तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

# पटवारियों-कानूनगो की हड़ताल रहेगी जारी

### बातचीत का न्योता न मिलने तक विरोध जारी रखेंगे : सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

■ वेतन विसंगतियों और अन्य मांगों को जल्द पूरा करने की मांग

दी पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन रोहतक के आह्वान पर शुक्रवार को भी जिले के पटवारियों और कानूनगो ने हड़ताल जारी रखी। सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ के सचिव जगपाल सांगवान रणबीर दहिया खेमचंद ओम प्रकाश कादियान, रमेश राठी समेत दूसरे संगठनों ने धरना स्थल पर पहुंचकर समर्थन दिया। इस मौके पर एसोसिएशन के जिला प्रधान रवि सैनी ने कहा कि सरकार ने मांगों पर बातचीत करने के लिए एसोसिएशन को नहीं बुलाया। इसलिए अब हड़ताल आने वाले दिनों में भी जारी रहेगी। इन्होंने कहा कि जब तक सरकार मांग पूरी नहीं करेगी, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

प्रधान ने बताया कि जल्द से जल्द हमारी वेतन विसंगतियों और अन्य जायज मांगों का समाधान किया जाए, नहीं तो राज्य कार्यकारणी के आह्वान पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा। धरने पर महम, सांपला, कलानौर, लाखनमजरा और रोहतक तहसील के सभी पटवारी कानूनगो मौजूद रहे ।


**रोहतक।** मांगों को लेकर चल रहे धरने के दौरान नारेबाजी करते पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन के सदस्य।

## हड़ताल से तहसील में कामकाज ठप

धरना प्रदर्शन के चलते तहसील में सारे काम ठप हो गए है। ऐसा दावा एसोसिएशन का है। एसोसिएशन की तरफ कहा गया है कि भूमि से जुड़े कार्य व डॉमिशियल इंकम सर्टिफिकेट बनने बंद हो गए हैं। तहसील कार्यालय में आमजन बहुत परेशान रहा। रजिस्ट्री कार्य बहुत धीमा होने से राजस्व कोष में काफी हानि हुई। जिसकी जिम्मेदार सरकार स्वयं है। क्योंकि सरकार के अड़ियल रवैये की वजह से ही पटवारी और कानूनगो को हड़ताल करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

RASAM PAGRI



With profound grief and sorrow,
we inform the sad demise of our beloved
SMT. SHANTI DEVI GUPTA
W/o Late Sh. Kapuri Lal Gupta on 27.12.2023
Rasam pagri will be held on 07.01.2024 (Sunday)
from 2:00 pm to 3:30 pm
at GEETANJALI GARDEN, Murthal Road, Sonipat (Haryana)
In Grief
J.C. Gupta (Son) ETO (Retd.)
CA. Pawan K. Gupta (Son) S. P. Chopra & Co., Chartered Accountants, New Delhi
CA. Prateek Gupta (Grand Son)
Ajay Gupta (Grand Son) Ajay Investments Centre, Sonipat
Pankaj Gupta (Grand Son) Gupta Bros., Caterers, Sonipat
Gaurav Gupta (Grand Son) Mateshwari Drugs and
Rajnish Gupta (Grand Son) General Store, Sonipat, Haryana
Mobile.: 98102 77251, 98960 51975, 98964 33438, 98963 51975, 90345 24101
H.No. 3317, Sector-15, Sonipat, Haryana